Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take flood control measures in Barabanki Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री उपेन्द्र सिंह रावत (बाराबंकी): मेरे संसदीय क्षेत्र बाराबंकी में घाघरा नदी के दोनों ओर तटवर्ती तहसील रामनगर और तहसील सिरौली गौसपुर के तटवर्ती गाँव हेतमापुर, पाण्डेपुरवा, चौधरी पुरवा, पर्वतपुर, अकौना, बल्लौर, अलीनगर, खौना, किन्तुर, कोठी डीहा, बबुरी सहित लगभग 50 गाँव हेमापुर से करौनी तक दोनों तरफ तटबंध की लंबाई लगभग 30 किलोमीटर है । तटबंध कमजोर होने के कारण प्रतिवर्ष बरसात में बाढ़ से किसानों के जान-माल, खेत-खलिहान, सड़कें इत्यादि को अत्यधिक नुकसान होता है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि घाघरा नदी के तटवर्ती गाँव को बाढ़ से बचाने के लिए पत्थरों और तार की सोलिंग लगाकर मजबूत तटबंध बनाए जाने की आवश्यकता है । साथ ही केन्द्र सरकार तटबंधों को मजबूत और ऊँचा बनाने के लिए अलग से फंड उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जाये जिससे नदी के किनारे बसे गाँवों को बचाया जा सके ।